936

# 830(NT)

## 2020

## चित्रकला

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

(i) मुख-पृष्ठ (Cover-page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर-पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा केन्द्र-व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मोहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन सभी पर कक्ष-निरीक्षक के भी हस्ताक्षर कराएँ ।



(ii) प्रश्नपत्र तीन खण्डों में विभाजित है । इनमे से खण्ड (क) अनिवार्य है । खण्ड (ख) व खण्ड (ग) में से किसी एक खण्ड का ही प्रश्न हल करना है ।

(iii) खण्ड 'क' के "प्राकृतिक दृश्य-चित्रण" अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है ।

(iv) खण्ड 'ख' के "स्मृति चित्रण" अथवा खण्ड 'ग' के "भारतीय चित्रकला" में से किसी एक का ही उत्तर देना है ।

### खण्ड 'क'
### (अनिवार्य)
### (प्राकृतिक दृश्य-चित्रण)

1. 18 सेमी × 20 सेमी के आयत में से किसी 'एक' का दृश्य-चित्रण कीजिए । चित्रण को जलरंग अथवा पेस्टल रंग से पूर्ण कीजिए । **45**

(i) 'वृक्षारोपण'

**अथवा**

(ii) 'स्वच्छ भारत'

**अथवा**

**"आलेखन"**

12 सेमी रेखा के वर्ग में एक सुन्दर आलेखन की रचना कीजिए, जिसमें कमल पुष्प, पत्ती, कली व मछली के द्वारा सुसंगत किन्हीं तीन जलरंगों का प्रयोग कीजिए । **45**

नोट : उपर्युक्त दोनों खण्डों हेतु निम्नांकित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

(अ) सुन्दर संयोजन 16

(ब) रेखा सौष्ठव 8

(स) उत्तम रंग-संगति 14

(द) सामान्य प्रभाव 7

**अथवा**

**"प्राविधिक-कला"**

नोट : (i) निम्नांकित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं । 15 × 3 = 45

(ii) रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ क्रमशः हलकी, बिन्दुमय एवं गहरी लाइन में हों ।

(iii) रफ कार्य फुल स्केप श्वेत पेपर पर कीजिए ।

(अ) किन्हीं दो असमान वृत्तों की तिर्यक स्पर्शी खींचिए । 15

(ब) 6 सेमी अ, ब रेखा पर समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए । 15

(स) 7 सेमी भुजा वाले समत्रिबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक वर्ग की रचना करिए । 15

(द) 10 सेमी भुजाओं के वर्ग में एक सुन्दर श्वेत-श्याम ज्यामितीय आलेखन की रचना करिए । 15



**खण्ड 'ख'**

**(स्मृति-चित्रण)**

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण, छाया-प्रकाश दर्शाते हुए पेन्सिल से बनाइए । चित्र लगभग 20 सेमी हो । 25

(i) मर्तबान

(ii) केतली

(iii) जग और सुराही

(iv) प्लेट में रखा सेब

**अथवा**

**खण्ड 'ग'**

**(भारतीय चित्रकला)**

(अ) (i) प्रागैतिहासिक चित्रों के बारे में प्रोफेसर विष्णु श्रीधर वाकणकर का क्या योगदान है ? संक्षेप में लिखिए । 15

**अथवा**

(ii) कला और धर्म के सम्बन्ध पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए ।

**अथवा**

(iii) अजन्ता चित्रकला पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए । 15

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए हैं । सही उत्तर का विकल्प क्रमशः ड्राइंग पत्र पर लिखिए : 10 × 1 = 10

(i) प्रागैतिहासिक कला का विषय क्या है ? 1

(अ) धर्म

(ब) शिकार

(स) जीवनयापन

(द) मनोरंजन

(ii) अजंता गुफा चित्रों को क्या कहते हैं ? 1

(अ) भित्ति चित्रण

(ब) दृश्य चित्रण

(स) व्यक्ति चित्रण

(द) दरबारी चित्रण

(iii) मुगल कला की क्या विशेषता है ? 1

(अ) शबीह चित्र

(ब) शिकार

(स) दरबारी जीवन

(द) धर्म



(iv) राजस्थानी कला किस विषय पर आधारित है ? 1

(अ) व्यक्ति चित्र

(ब) धर्म

(स) दृश्य चित्रण

(द) दरबारी

(v) प्रसिद्ध चित्र "दांडी यात्रा" का चित्रांकन किसने किया ? 1

(अ) अमृता शेरगिल

(ब) यामिनी राय

(स) नंदलाल बोस

(द) राजा रवि वर्मा

(vi) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार किस विश्वविद्यालय में कला के विभागाध्यक्ष थे ? 1

(अ) लखनऊ

(ब) बनारस

(स) अलीगढ़

(द) इलाहाबाद

(vii) अजंता के चित्रों में किस रंग का प्रयोग किया गया है ? 1

(अ) रासायनिक रंग

(ब) तैल रंग

(स) खनिज रंग

(द) जल रंग

(viii) उत्तर-प्रदेश में प्रागैतिहासिक चित्र कहाँ मिले हैं ? 1

(अ) कानपुर

(ब) बलरामपुर

(स) रामपुर

(द) मिर्जापुर

(ix) 'भीमबैठका' गुफाएँ किस राज्य में अवस्थित हैं ? 1

(अ) मध्य प्रदेश

(ब) उत्तर प्रदेश

(स) महाराष्ट्र

(द) राजस्थान

(x) किस मुगल बादशाह के काल में प्रकृति चित्रण को प्रश्रय दिया गया ? 1

(अ) अकबर

(ब) औरंगजेब

(स) शाहजहाँ

(द) जहाँगीर

---